आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक

हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 13 अंक : 38 लखनऊ, शनिवार 14 जनवरी 2023 से 21 जनवरी 2023 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक

## पी०एम० मोदी ने कहा– भारत ने हमेशा विश्व को एक परिवार के रूप में देखा है

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट के दूसरे दिन अपने संबोधन दिया है। अपने संबोधन में मोदी ने साफ तौर पर कहा कि भारत ने हमेशा विश्व को एक परिवार के रूप में देखा है। उन्होंने अपने बयान में कहा कि नए साल की शुरूआत एक नई आशा का समय है। हम सभी ग्लोबलाइजेशन का समर्थन करते हैं। भारत ने हमेशा विश्व को एक परिवार के रूप में देखा है। उन्होंने कहा कि पिछले दो दिनों में, इस शिखर सम्मेलन में १२० से अधिक विकासशील देशों की भागीदारी देखी गई है, जो ग्लोबल साउथ का अब तक का सबसे बड़ा आभासी जमावड़ा है। मैं इस समापन सत्र में आपकी कंपनी पाकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। मोदी ने कहा कि हम सभी वैश्वीकरण के सिद्धांत की सराहना करते हैं। भारत के दर्शन ने हमेशा दुनिया को एक परिवार के रूप में देखा है। हालाँकि, विकासशील देश वैश्वीकरण चाहते हैं जो जलवायु संकट या ऋण संकट पैदा नहीं करता है। उन्होंने कहा कि हम वैश्वीकरण चाहते हैं जो



टीकों के असमान वितरण या अति–केंद्रित वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं की ओर न ले जाए। हम वैश्वीकरण चाहते हैं जो संपूर्ण मानवता के लिए समृद्धि और कल्याण लाए। उन्होंने कहा कि हम विकासशील देश अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य के बढ़ते विखंडन को लेकर भी चिंतित हैं। ये भू–राजनीतिक तनाव हमें अपनी प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित करने से विचलित करते हैं। वे ईंधन, भोजन और अन्य वस्तुओं के अंतर्राष्ट्रीय मूल्य में तेज उतार–चढ़ाव का कारण बनते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत एक वैश्विक दक्षिण केंद्र, उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि यह संस्था हमारे किसी भी देश में विकास समाधानों पर शोध करेगी जिसे वैश्विक दक्षिण के अन्य सदस्यों में बढ़ाया और कार्यान्वित किया जा सकता है। मोदी ने कहा कि मैं एक नई आरोग्य मैत्री परियोजना की घोषणा करना चाहता हूं। इस परियोजना के तहत, भारत प्राकृतिक आपदाओं या मानवीय संकटों से प्रभावित किसी भी विकासशील देश को आवश्यक चिकित्सा आपूर्ति प्रदान करेगा।

## गोरखपुर अब क्राइम सेंटर नहीं, आस्था और विकास का समन्वित केंद्र है : योगी आदित्यनाथ

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि २० वर्ष पूर्व गोरखपुर को अपराध का पर्याय समझा जाता था, लेकिन विगत छह सालों में यह विकास की नई आभा के साथ आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा कि यहां के नागरिकों और नौजवानों को एक नई पहचान मिली हैय गोरखपुर अब अपराध नहीं, आस्था और विकास का समन्वित केंद्र है। योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को तीन दिवसीय गोरखपुर महोत्सव के समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कहा कि सम व विपरीत परिस्थितियों में विगत छह सालों से गोरखपुर महोत्सव का आयोजन पूरी भव्यता से हो रहा है। उन्होंने कहा कि गोरखपुर ने विकास की नई यात्रा प्रारंभ की है और इस जिले को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशेष अनुकंपा भी हैय उनके नेतृत्व में भारत वैश्विक मंच पर विकास की नई यात्रा पर है तो इसमें उत्तर प्रदेश भी नई सोच के साथ आगे बढ़ा है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस विकास यात्रा में गोरखपुर भी नई पहचान के साथ सहभागी बना है, गोरखपुर महोत्सव भी इस नई पहचान की महत्वपूर्ण कड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी पहचान अच्छाई से होनी चाहिए, इसी के दृष्टिगत गोरखपुर ने विकास की हर उस योजना को छुआ है, जिसकी



तड़पन थी। उन्होंने कहा कि कभी खुद बीमार रहा बीआरडी मेडिकल कॉलेज की स्थिति तो ठीक हुई ही, यहां एम्स (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान)भी खुल गया। वर्ष १९९० में बंद खाद कारखाने की जगह २०२१ में नया कारखाना चालू हो गया जो क्षमता से अधिक उत्पादन कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामगढ़ ताल पर्यटन के नए केंद्र के रूप में उभरा हैय वायुसेवा बेहतरीन हुई है। गोरखपुर को चिड़ियाघर की सौगात मिल गई है। योगी ने कहा कि जिस जिले की पहचान अपराध ा से थी, वह गोरखपुर अब विकास और चार विश्वविद्यालयों की पहचान रखता है। उन्होंने कहा कि गोरखपुर अब शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और उद्योग का केंद्र बन रहा है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोई भी गोरखपुर को विस्मृत नहीं कर सकता, फिल्म बनाने के लिए भी यह बड़े मंच के रूप में उभरा है। गोरखपुर में अनेक संभावनाएं आगे बढ़ी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कला का सम्मान व प्रोत्साहन होना चाहिए, यह गोरखपुर महोत्सव उसी का हिस्सा है। तीन दिवसीय इस महोत्सव में कला के क्षेत्र की कई विभूतियों के साथ बड़ी संख्या में नवोदित कलाकारों को मंच व सम्मान मिला है। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काशी से डिब्रूगढ़ तक सबसे बड़े नदी क्रूज का शुभारंभ किया है। कल शाम काशी में प्रसिद्ध संगीतकार शंकर महादेवन व उनकी टीम ने भजन संध्या की प्रस्तुति दी, उसे खूब सराहा गया।

## सर्वोच्च न्यायालय ने पूछा– आखिर सरकार कर क्या रही है?

नई दिल्ली। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने दिसंबर २०२१ के दिल्ली धर्म संसद अभद्र भाषा मामले में जांच अधिकारी (आईओ) को मामले में जांच और गिरफ्तारी की प्रगति के संबंध में एक स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ को सूचित किया गया कि मामले में पहली सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) घटना के पांच महीने बाद दर्ज की गई थी और अब तक कोई आरोप तय नहीं किया गया है। इसे ध्यान में रखते हुए, अदालत ने आईओ को दो सप्ताह के भीतर जांच को आगे बढ़ाने के लिए उठाए गए कदमों को रिकर्ड पर रखने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि हमें सूचित किया गया है कि मामला अभद्र भाषा के गंभीर अपराध से संबंधित है। बताया जाता है कि ५ महीने बाद एफआईआर दर्ज की गई। अब तक कोई जांच नहीं। हमारा विचार है कि आईओ के लिए २०२१ दिसंबर की घटना की जांच को आगे बढ़ाने के लिए उठाए गए कदमों को रिकर्ड पर रखना आवश्यक होगा। अदालत दिल्ली के पूर्व पुलिस प्रमुख राकेश अस्थाना के खिलाफ सामाजिक कार्यकर्ता और महात्मा गांधी के प्रपौत्र तुषार गांधी की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें दावा किया गया था कि विवादित धर्म संसद को सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन करते हुए दिसंबर २०२१ में दिल्ली में आयोजित करने की अनुमति दी गई थी। गांधी की ओर से पेश वकील शादान फरासत ने रेखांकित किया कि हालांकि जांच चल रही है, लेकिन अभी तक कोई चार्जशीट दायर नहीं की गई है। उन्होंने दावा किया कि केवल कागजी कार्रवाई की जा रही है। कृपया सामूहिक शपथ ग्रहण देखें जो नाजी शैली है। ५ महीने तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई थी। अब जवाब कहता है कि



जांच चल रही है और कोई चार्जशीट दायर नहीं की गई है या आरोप तय नहीं किए गए हैं। मुझे कार्रवाई के खिलाफ कार्रवाई की जरूरत है न कि डीजीपी के खिलाफ कार्रवाई की... समान मामला जस्टिस जोसेफ के सामने था। जब उन्हें बुलाया गया, तो एफआईआर दर्ज की गई। केवल कागजी काम किया जा रहा है और अगर इसके खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो हम किस तरह के समाज में शामिल होंगे। इसके बाद कोर्ट ने जांच अधिकारी से दो सप्ताह के भीतर रिपोर्ट मांगी। अक्टूबर २०२२ में, सुप्रीम कोर्ट ने अभद्र भाषा के खिलाफ एक याचिका में, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड पुलिस को आदेश दिया था कि वे अपराधियों के धर्म को देखे बिना अभद्र भाषा के मामलों में स्वतः कार्रवाई करें।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शहीद जवान को दी श्रद्धांजलि

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल में कर्तव्य पालन के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए प्रतापगढ़ निवासी सीमा सुरक्षा बल के जवान शिव बहादुर सिंह को श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री ने शहीद के परिजनों को ५० लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की है। उन्होंने शहीद के परिवार के एक सदस्य को सरकारी



नौकरी देने और जिले की एक सड़क का नामकरण शहीद शिव बहादुर सिंह के नाम पर करने की भी घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को शहीद शिव बहादुर सिंह के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि शोक की इस घड़ी में राज्य सरकार उनके साथ है। राज्य सरकार द्वारा शहीद के परिवार को हर सम्भव मदद प्रदान की जाएगी।

# सम्पादकीय

## निपटारे की तलाश जारी

सुप्रीम कोर्ट से लेकर लोअर कोर्ट तक के वीकली राउंड अप में इस सप्ताह कानूनी खबरों के लिहाज से काफी अहम रहा। जहां एक तरफ दिल्ली में अधिकार को लेकर केंद्र और केजरीवाल सरकार के बीच चल रहे विवाद के सुप्रीम निपटारे की तलाश जारी रही। वहीं जोशीमठ मामले में जल्द सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया। तलाक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के आदेश को खामियों वाला बताया। तो वहीं यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने के लिए दो राज्यों की ओर से बनाई गई कमिटियों को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी गई। ऐसे में आज आपको सुप्रीम कोर्ट से लेकर लोअर कोर्ट तक इस सप्ताह यानी ०६ जनवरी से १३ जनवरी २०२३ तक क्या कुछ हुआ। कोर्ट के कुछ खास ऑर्डर/जजमेंट और टिप्पणियों का विकली राउंड अप आपके सामने लेकर आए हैं। कुल मिलाकर कहें तो आपको इस सप्ताह होने वाले भारत के विभिन्न न्यायालयों की मुख्य खबरों के बारे में बताएंगे दिल्ली में प्रशासनिक सेवाओं का अधिकार किसके पास होना चाहिए। इसे लेकर केजरीवाल सरकार और केंद्र के बीच तनातनी जारी है। अब यह मामला देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। राष्ट्रीय राजधानी को संघ का विस्तारित क्षेत्र करार देने संबंधी केंद्र की दलीलों पर उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली में निर्वाचित सरकार की आवश्यकता को लेकर सवाल उठाया। राष्ट्रीय राजधानी में सेवाओं के नियंत्रण को लेकर केंद्र एवं दिल्ली सरकार के बीच विवाद पर तीसरे दिन सुनवाई कर रही संविधान पीठ के समक्ष केंद्र सरकार की ओर से पेश सलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी होने के नाते दिल्ली का एक ''अद्वितीय दर्जा'' है और वहां रहने वाले सभी राज्यों के नागरिकों में ''अपनेपन की भावना'' होनी चाहिए। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है। एक फैसले का हवाला देते हुए, विधि अधिकारी ने कहा, ''दिल्ली एक महानगरीय शहर है और यह लघु भारत की तरह है।

## डॉ.राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के चिकित्सक का शव संदिग्ध हालत में घर में मिला

लखनऊ। डॉ.राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के चिकित्सक डॉ. अमित नायक का गुरुवार रात मौत हो गई। उनका शव संदिग्ध हालत में घर में मिला। शव के पास कई इंजेक्शन पड़े होने की बात भी सामने आई। पुलिस के शुरूआती जांच में मामला सुसाइड का बताया जा रहा है। मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो सकेगी। वहीं लोहिया संस्थान की तरफ से जारी बयान में बताया गया है कि गुरुवार को दिन में नेशनल मेडिकल कमीशन की टीम का औचक निरीक्षण हुआ था। उस दौरान डॉ. अमित ने सक्रिय भूमिका निभाई थी,लेकिन जब शाम को डॉ. अमित अपने इमरजेंसी ड्यूटी पर नहीं पहुंचे तो साथी चिकित्सकों को चिन्ता हुई। जानकारी के लिए चिकित्सक डॉ.अमित के मुंशी पुलिया स्थित घर पहुंचे जहां पर डॉ.अमित नायक मृत मिले। ऐसे में कई सवाल उठने लगे हैं। जिस चिकित्सक ने नेशनल मेडिकल कमीशन के निरीक्षण के दौरान सक्रिय भूमिका निभाई,उसकी अचानक शाम होते-होते मौत कैसे हो गई। बताया जा रहा है कि बीते कुछ दिनों से डॉ. अमित काफी शांत रहने लगे थे,लेकिन उनके शांत रहने की वजह का पता नहीं चल पाया है। हालांकि पुलिस इस मामले पर गंभीरता से जांच कर रही है। मौत के असली कारणों का पता जल्द ही चलने की बात बताई जा रही है। थाना गाजीपुर पुलिस की माने तो अमित के शव को दरवाजा तोड़कर बाहर निकाला गया था। डॉ. अमित नायक की उम्र २८ वर्ष बताई जा रही है। वह लोहिया संस्थान स्थित एनेस्थीसिया विभाग में एमडी पाठ्यक्रम में अध्ययनरत जूनियर रेजिडेंट थे।



## मंदिर-मस्जिद मामले की निगरानी याचिका पर अदालत ने सुरक्षित किया फैसला

लखनऊ। गोमती नदी के किनारे लक्ष्मण टीला स्थित लॉर्ड शेष नागेश टीलेश्वर महादेव मंदिर व मस्जिद विवाद प्रकरण में सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड की निगरानी याचिका पर आगामी १८ जनवरी के लिए अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित कर लिया है। अदालत ने कहा है कि इस दौरान पक्षकार अपनी-अपनी लिखित बहस कोर्ट में दाखिल कर सकते हैं। मामले में हिदू महासभा की ओर से शिशिर चतुर्वेदी द्वारा पूर्व में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर वकील शेखर निगम ने दलील दी कि सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने तत्कालीन अधिकृत निगरानीकर्ता को बाद में उनके पद से हटा दिया था। लिहाजा उनकी ओर से दाखिल निगरानी याचिका पोषणीय नहीं है। जबकि उक्त प्रार्थना पत्र के विरोध में सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड की ओर से वकील मुनव्वर सुल्तान ने दलील दी है कि निचली अदालत का आदेश त्रुटि पूर्ण है व निचली अदालत ने मामले के तथ्यों पर गौर किए बिना ही हिन्दू महासभा का वाद निरस्त करने संबंधी उनके



आदेश ७ नियम ११ के प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया। मांग की गई है कि तथ्यों के आधार पर निगरानी मंजूर कर निचली अदालत के आदेश को रद्द किया जाए। वहीं राज्य सरकार की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता (दीवानी) रीतेश रस्तोगी द्वारा सुन्नी वक्फ बोर्ड की दलीलों का का विरोध किया गया है। अदालत में अभी तक किसी भी पक्षकार की ओर से लिखित बहस दाखिल नहीं हुई है। लिहाजा अदालत ने आदेश के लिए १८ जनवरी की तिथि नियत करते हुए कहा है कि पक्षकार इस बीच लिखित बहस दाखिल कर सकते हैं। अदालत ने गत २१ नवंबर के अपने आदेश में कहा था कि सभी प्रार्थना पत्रों का खंड-खंड में विचार कर निस्तारण किया जाना विधिक दृष्टि से न्यायोचित नहीं है। न्यायालय ने कहा था कि पक्षकारों की ओर से दिए गए समस्त प्रार्थना पत्रों का निस्तारण निगरानी के साथ-साथ किया जाना न्याय संगत प्रतीत होता है। अदालत गुण दोष के आधार पर आगामी १८ जनवरी को आदेश पारित करेगी।

## जापान-दक्षिण कोरिया से हुआ १८,३५० करोड़ का एमओयू

लखनऊ। जापान और दक्षिण कोरिया देशों की कम्पनियां प्रदेश में १८,३५० करोड़ रुपये का निवेश करने जा रही हैं। इसके लिए हाल ही में उप्र. सरकार और दोनों देशों की चार कंपनियों के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षरित हुआ है। इससे प्रदेश के १६७०० युवाओं को मैन्युफैक्चरिंग, अपशिष्ट प्रबंधन और कपड़ा एवं वस्त्र उद्योग में नौकरी एवं रोजगार मिलेगा। पिछले महीने पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के नेतृत्व में राज्य सरकार की एक टीम ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस-२३) का आमंत्रण देने के लिए जापान और दक्षिण कोरिया गई थी। इस दौरान हुई बैठकों से टीम को २५, ४५६ करोड़ रुपये के नौ निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे, जिनसे १७ हजार रोजगार सृजित होने की संभावना है। जापान इंडिया इंडस्ट्री प्रमोशन एसोसिएशन और निसेनकेन क्वालिटी इवैल्यूएशन सेंटर टोक्यो लेबोरेटरी प्रदेश में कपड़ा एवं वस्त्र उद्योग में क्रमशः २५०० और १० हजार करोड़ रुपये का निवेश करेंगी। इससे प्रदेश में क्रमशः पांच हजार और १० हजार नौकरी एवं रोजगार के अवसर सृजित होंगे। अपशिष्ट प्रबंधन में वन वर्ल्ड कॉर्पोरेशन पांच हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इससे प्रदेश में १५०० नौकरी और रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। वहीं सीको एडवांस लिमिटेड जैसी कंपनी मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में ८५० करोड़ रुपये का निवेश करेगी। प्रदेश सरकार ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से एक माह पहले ही करीब-करीब १५ लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त कर लिए हैं। सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि सरकार ने पिछली १० जनवरी तक करीब १० लाख करोड़ रुपए के एमओयू भी साइन कर लिए हैं। यह वही राशि है जिसे पहले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट २०२३ का लक्ष्य बनाया गया था। हालांकि, विदेशों में मिले बेहतरीन रिस्पन्स के बाद लक्ष्य को १० लाख करोड़ से बढ़ाकर १७ लाख करोड़ रुपए कर दिया गया। अभी देश के विभिन्न शहरों और प्रदेश के मंडल मुख्यालयों व कई जिलों में रोड शो व इन्वेस्टर्स समिट होना बाकी हैं। इसे देखते हुए पूरी संभावना है कि प्रदेश सरकार संशोधित लक्ष्य को भी प्राप्त कर लेगी।

## लखनऊ जेल मारपीट मामले में मुख्तार का बयान दर्ज

लखनऊ। जिला जेल लखनऊ में बंदी चांद के साथ मारपीट करने तथा जेलर व उप जेलर को धमकी देने के मामले में अभियुक्त मुख्तार अंसारी समेत चार आरोपियों का बयान शुक्रवार को दर्ज किया गया। अदालत ने मामले में अंतिम बहस के लिए २४ जनवरी की तिथि नियत की है। एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अम्बरीश कुमार श्रीवास्तव ने जिला जेल बांदा में बंद माफिया मुख्तार अंसारी का धारा ३१३ दंड प्रक्रिया संहिता का बयान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दर्ज किया। जबकि अन्य आरोपी यूसुफ चिश्ती, आलम व लालजी यादव व्यक्तिगत रूप से न्यायालय के समक्ष उपस्थित रहे, जहां पर उनका नियमानुसार बयान दर्ज किया गया। अदालत ने आरोपियों से बचाव साक्ष्य के सम्बंध में पूछे जाने के उपरांत अंतिम बहस के



लिए २४ जनवरी की तिथि नियत कर दी है। मामले की सुनवाई के समय अदालत में अभियोजन की ओर से सहायक अभियोजन अधिकारी सोनू सिंह राठौर ने बताया कि इस मामले की रिपोर्ट जेलर एसएन द्विवेदी व उप जेलर बैजनाथ राम ने १ अप्रैल २००० को थाना आलमबाग में दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया था कि २६ मार्च २००० को करीब छह बजे शाम को पेशी से वापस आकर जिस समय बंदी जेल में जा रहे थे। उसी समय जिस बैरक में बंदी चांद था। उसमें माफिया विधायक मुख्तार अंसारी अपने साथी युसूफ चिश्ती, आलम, कल्लू पंडित, प्रभु जिंदर सिंह व लालजी यादव के साथ घुस गया और बंदी चांद को बुरी तरह से मारना शुरू कर दिया। कहा गया कि जब जेलर व उप जेलर ने बचाने का प्रयास किया तो अभियुक्तों ने जेल के अधिकारियों व प्रधान बंदी रक्षक स्वामी दयाल अवस्थी पर हमला बोल दिया।

# राम मंदिर का निर्माण कार्य, ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने दी जानकारी

अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा है। गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में कहा था १ जनवरी २०२४ को राम मंदिर का उद्घाटन होगा। लेकिन सवाल यह भी है कि आखिर राम मंदिर का निर्माण कार्य अभी किस स्तर पर पहुंचा है और यहां कब तक पूरा हो सकता है। इसको लेकर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बड़ी जानकारी दी है।



उन्होंने कहा है कि तय समय में निर्माण कार्य पूरा होगा। उन्होंने यह भी कहा कि तय समय सीमा के अनुसार ही भक्तों के लिए मंदिर को खोला जाएगा। उन्होंने मंदिर के निर्माण कार्य की गति पर भी संतोष जताया है। चंपत राय ने कहा कि राम मंदिर में लगने वाले खंभों में ७ हजार मूर्तियां तराशी जाएंगी। उन्होंने कहा कि पिलर, बीम के ऊपर छत का काम लगभग अक्टूबर में खत्म हो जाएगा। इसके साथ ही राय ने कहा कि २०२३ में ग्राउंड फ्लोर का काम हो जाएगा। खंभों और दीवारों पर करीब ७००० मूर्तियां बननी है उसके लिए मूर्तिकार ढूंढने का काम किया जा रहा है। चंपत राय ने बताया कि विद्वानों का विचार है कि राम लला की मूर्ति खड़ी होनी चाहिए। ये लगभग ५.५ फीट का होगा। उन्होंने कहा कि राम के जीवन के १०० प्रसंग पत्थरों में उभारे जाएंगे। चंपत राय ने कहा कि चारो ओर बनने वाले परकोटा की खुदाई शुरू हो गई है..चार कोने पर चार मंदिर होंगे। फिलहाल यह बताया जा रहा है कि राम मंदिर का ७० प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। गर्भगृह के पिलर १४ फीट तक बनकर तैयार हो चुके हैं। यह भी कहा जा रहा कि दूसरा चरण दिसंबर २०२४ तक आकार लेगा जबकि २०२५ तक मंदिर का पूरा निर्माण कार्य संपन्न होगा। जनवरी २०२४ में मंदिर दर्शन–पूजन शुरू हो सकेगा।

# जालसाज ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर महिला के प्लॉट पर किया कब्जा

लखनऊ। दुबग्गा थानाक्षेत्र अन्तर्गत एक जालसाज ने फर्जी दस्तावेज के आधार पर एक महिला के प्लॉट पर कब्जा कर लिया। इसके बाद जालसाज ने उस प्लाट को एक शख्स को बेच लिया। जब महिला को इस बात की जानकारी हुई तो वह विरोध करन लगी। उसके बाद जालसाज महिला को धमकाने लगा। पीड़िता की शिकायत पर दुबग्गा कोतवाली पुलिस ने जालसाज के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। दुबग्गा थाना क्षेत्र के बरावन खुर्द निवासिनी कुसुम शुक्ला के मुताबिक, उन्होंने साल २०१४ में नया खेड़ा मौरा के हरिश्चंद्र से एक जमीन का टुकडा खरीदा था। उस वक्त पीड़िता ने वह जमीन तीन लाख बीस हजार रुपये में खरीदी थी। जमीन खरीदने के बाद पीड़िता ने प्लॉट के चारों ओर एक ब्राउंडीवॉल खड़ी की थी। बीते १८ सितम्बर को वह अपने पति के साथ जमीन देखने गई तो पता चला कि किसी ने उसकी ब्राउंडीवॉल तोड़ दी और उसपर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। पूछताछ में निर्माण कार्य करा रहे शख्स ने बताया कि उसने यह जमीन हरिश्चंद्र से खरीदी है। जब उसने हरिश्चंद्र से बातचीत की तो वह गाली–गलौज करने लगा। विरोध करने पर जालसाज पीड़िता को धमकाने लगा। पीड़िता का आरोप है कि हरिश्चंद्र ने उसकी जमीन के फर्जी प्रपत्र तैयार कर उसकी जमीन को तीसरे शख्स को बेच दी है। इसके बाद पीड़िता ने दुबग्गा कोतवाली में शिकायत देते हुए हरिश्चद्र के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज करवाया है। दुबग्गा थाना प्रभारी सुखबीर सिंह भदौरिया ने कहा कि मामले की तफ्तीश की जा रही है। जल्द ही जालसाज की गिरफ्तारी की जाएगी।

# लापरवाही बरतने वाले संस्थानों पर एकेटीयू ने लगाएगा जुर्माना

लखनऊ। ड.एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) से संबद्ध संस्थानों को विद्यार्थियों के सेशनल व प्रैक्टिकल के अंकों को समय से विवि के ईआरपी पर अपलोड न करना भारी पड़ेगा। इसके लिए एकेटीयू ५० हजार तक का जुर्माना संबंधित संस्थान से वसूल करेगा। एकेटीयू के प्रवक्ता डॉ. पवन त्रिपाठी ने बताया कि कतिपय संस्थान सेशनल व प्रैक्टिकल अंक एकेटीयू के ईआरपी पर अपलोड करने में लापरवाही करते हैं। जिसकी वजह से परिणाम घोषित करने सहित कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। लिहाजा अब एकेटीयू ऐसे संस्थानों पर जुर्माना लगाएगा। यह जुर्माना किसी एक छात्र का एक विषय का सेशनल न जमा करने पर एक हजार रुपये होगा। वहीं पूरे कक्षा के एक विषय हेतु यह जुर्माना १० हजार रुपये निर्धारित किया गया है, इसके अलावा अधिकतम जुर्माने की राशि ५० हजार रुपये तक वसूली की जा सकती है। संस्थानों को यह राशि ऑनलाइन जमा करना होगा। इसके अलावा किन्हीं तकनीकी कारणों की वजह से यदि अंक अपलोड करने में दिक्कत आती है तो ऐसी स्थित में जुर्माने की राशि माफ कर दी जाएगी। एकेटीयू के परीक्षा नियंत्रक प्रो.एचके पालीवाल ने बताया कि शैक्षिक सत्र २०२१–२२ के विषम एवं सम सेमेस्टर (स्नातक व परास्नातक) परीक्षा के विभिन्न पाठ्यक्रमोंके ऐसे छात्र–छात्राएं जिसके सेशनल, प्रैक्टिकल व प्रॉजेक्ट अंक संस्थानों द्वारा समय से ईआरपी पर अपलोड नहीं किए जा सके है, उन्हें ३० दिसंबर तक ईआरपी पर अपलोड किए जाने का अवसर दिया गया था। परंतु कतिपय संस्थानों द्वारा अभी भी छात्र–छात्राओं के अंक निर्धारित समय तक अपलोड नहीं कराए जा सके हैं। ऐसे में संस्थानों द्वारा विभिन्न कारणों का हवाला देते हुए अंकों को अपलोड करने के लिए ईआरपी पोर्टल खोले जाने का अनुरोध किया गया है। लिहाजा एकेटीयू की ओर से एक बार फिर से पोर्टल खोल दिया गया है। संस्थान १५ जनवरी शाम चार बजे तक अंकों को अपलोड करा सकेंगे। इसके अलावा हार्ड कॉपी भी विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग के कार्यालय में जमा करानी होगी।

# केसीआर की रैली में हिस्सा लेंगे अखिलेश यादव

लखनऊ। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव–२०२४ के लिए तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव (केसीआर) के साथ जाने के संकेत दिये हैं। वह हैदराबाद में १८ जनवरी को केसीआर के नेतृत्व में होने वाली रैली में हिस्सा लेंगे। वहीं, कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने पर असमंजस जताते हुए कहा कि पार्टी नेताओं से विचार विमर्श के बाद फैसला लेंगे। अखिलेश, पार्टी मुख्यालय में गुरुवार को पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने राष्ट्रीय युवा दिवस की बधाई देकर कहा कि हम सब संकल्प लेते हैं कि स्वामी विवेकानंद के बताए रास्ते पर चलकर देश व प्रदेश से नफरत की राजनीति खत्म करेंगे। इस मौके पर अखिलेश यादव ने युवा दिवस के मौके पर सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के संघर्षों पर आधारित कैलेंडर का भी विमोचन किया। अखिलेश ने इंवेस्टर्स समिट को लेकर सवाल उठाया कि, पहली समिट से कितनों को रोजगार मिला है? समिट के नाम



पर सिर्फ झूठ बोला जा रहा है। सपा प्रमुख ने बताया कि हमने अपनी सोशल मीडिया टीम बदल दी है। भाषा के स्तर पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। भाजपा के लोगों को अपनी भाषा ठीक करनी चाहिए। निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि हमें कोर्ट पर पूरा भरोसा है।

# राजभवन में फल, शाकभाजी और पुष्प प्रदर्शनी 17–19 फरवरी तक

लखनऊ। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण के निदेशक डा. आरके तोमर ने बताया कि इस साल प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन १७ १८ एवं १६ फरवरी को राजभवन प्रांगण, लखनऊ में की जा रही है। प्रदर्शनी को पहले से अधिक आकर्षक बनाने के लिए नवीन तकनीकी जानकारी देने के लिए एक कक्ष बनाकर विभिन्न फिल्में (तकनीकी) प्रदर्शित की जायेगी, जिसमें विपणन सम्बन्धी व्यवस्था भी की जायेगी। प्रतिभागियों को पुरस्कार के रूप में नकद धनराशि से भी पुरस्ेत किए जाना है।

# यूपी के सरकारी अस्पतालों में राज्यकर्मियों को मिलेगा कैशलेस इलाज

लखनऊ। संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में यूपी के सरकारी कर्मचारियों और उनके आश्रित परिवारों को कैशलेस इलाज मिलेगा। यह सुविधा सेवानिवृत्त हो चुके कर्मचारियों ओर उनके आश्रित परिवार को भी मिलेगी, लेकिन इस सुविधा का लाभ लेने के लिए कर्मचारियों के पास स्टेट हेल्थ कार्ड होना जरूरी है। बताया जा रहा है कि कर्मचारियों को



विभाग से स्टेट हेल्थ कार्ड मुहैया कराया जा रहा है। दरअसल, पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना यूपी के सरकारी सेवकों, सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों और उनके आश्रित परिवारों को सरकार की तरफ से जारी शासनादेश के तहत प्रदान की जा रही कैशलेस चिकित्सा सुविधा है। यह सुविधा यूपी में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी–पीएमजेएवाई) के तहत सूचीबद्ध सभी सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध होगी। इस योजना में उत्तर प्रदेश के सरकारी चिकित्सा संस्थानों, अस्पतालों में बिना किसी वित्तीय सीमा के कैशलेस इलाज शुरू किया जा रहा है। एसजीपीजीआई संस्थान के अस्पताल प्रशासन विभाग की तरफ से आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, ताकि सभी हितधारकों (डॉक्टरों, रेजिडेंट्स, आरोग्य मित्र, दीनदयाल मित्र) को अपडेट किया जा सके। इस कार्यशाला का उद्देश्य इस जागरुकता सत्र के माध्यम से इस चिकित्सा योजना के कार्यान्वयन को सुविधाजनक बनाना था। एसजीपीजीआई स्थित अस्पताल प्रशासन विभाग के एचओडी और पीडीडी यूआर केसीसीवाई के नोडल अधिकारी डॉ. आर. हर्षवर्धन ने बताया है कि यह सुविधा सभी सरकारी अस्पतालों में मिलेगी । उन्होंने बताया कि सरकारी सेवकों को अस्पताल में जाकर अपना स्टेट हेल्थ कार्ड दिखाना है और सुविधा का लाभ उठाना है।

# वर्षों बाद फिर जगमगाया रविन्द्रालय, नाटक 'देवी आगमन' का हुआ सफल मंचन

राकेश पाण्डेय 'निश्छल'

लखनऊ। मनोरंजन की दुनिया मे सदैव लोक कलाओं का बर्चस्व रहा है। स्वांग नाट्य विधा पर आधारित शैली 'नौटंकी' एक लंबे कालखंड तक भारतीय उपमहाद्वीप में मनोरंजन का सरताज रही। भारतीय सिनेमा के शुरुआती दौर में इस शैली का खासा प्रभाव देखने को मिलता है। किंतु कालांतर में आधुनिकता की अंधी दौड़ में नौटंकी इस तरह पिछड़ी कि आज हालत यह है कि नाट्य–कला की ये पुरातन भारतीय समृद्ध परंपरागत शैली दम तोड़ती नजर आती है। हाल के वर्षों में सरकारी और गैर सरकारी स्तर पर अपनी प्राचीन समृद्ध परम्पराओं को संरक्षित–प्रोत्साहित करने की चेतना जागी। देश का संस्कृति–मंत्रालय सजग–सक्रिय हुआ तो नाट्य विधा विशेषकर थियेटर से जुड़े सुधिजनो में भी नवचेतना जगृत हुई। हालाँकि सरकारी ग्रांट की मलाई चाटने को नाट्य–जगत में कुछ ऐसी 'बिल्लियां' भी सक्रिय हो गई जिन्हें इस समृद्ध गौरवशाली विधा का अब सभी को नहीं पता। वो सिर्फ नौटंकी के पारम्परिक वाद्य 'नगड़िया' को शामिल कर किसी ऊल–जलूल प्रस्तुति को भी नौटंकी का नाम देकर सरकारी इमदाद डकारने तक ही महदूद हैं। किंतु इन्ही के बीच यदा कदा जब नौटंकी–शैली पर आधारित 'देवी–आगमन' जैसी स्तरीय प्रस्तुति देखने को मिलती है तो न केवल सुखद अहसास होता है बल्कि आशा की किरण भी दिखाई पड़ती है कि शायद इस लुप्तप्राय विधा के भी दिन वास्तव में बहुरें। बीते २३ दिसम्बर २०२२ को प्रयास रँगमण्डल लखनऊ की नौटंकी आधारित अवधी प्रस्तुति 'देवी–आगमन' में वो सब देखने को मिला है जो इस विधा का वास्तविक अंग है। इसमें नौटंकी की विभिन्न गायन शैली–बहरे–तबील, मांड, लावणी , डेढ़ तुकी आदि सभी प्रचुर मात्रा में शामिल हैं। कथानक संवाद, वेशभूषा और परिवेश भी इस परमरागत शैली के साथ पूरा न्याय करते दिखाई पड़ते हैं। नाटक की कहानी देवी देवताओं के नाम पर भोले भाले ग्रामीणों को ठगे जाने की कथा है। गांव सतवाखेड़ा का दबंग ठाकुर हरनाम सिंह अपने विश्वासपात्र सेवक गंगू के साथ मिलकर एक षड्यंत्र रचता है। वो पड़ोसी गाँव सुकुम्बी से माँ दुर्गा की मूर्ति गायब करवा कर गंगू के जरिये उसे अपने खेत मे प्रकट करवा देता है। अंधविश्वासी ग्रामीण उसके झांसे में आ जाते हैं। देखते ही देखते वहाँ एक भव्य मंदिर बनने के साथ ही विशाल मेला लगना शुरू हो जाता है। मेले में सैकड़ो दुकानों, झूला, नौटंकी, जानवरों की बिक्री आदि पर कर की वसूली से उसे लाखों की आमदनी होने











लगती है। मंदिर में भी सोना–चांदी और नकदी का भारी चढ़ावा आने लगता है। ये सब देख गंगू को लगता है भले ही योजना ठाकुर की थी लेकिन उसे अंजाम तो उसने ही दिया है। वो इस कमाई में हिस्सा माँगने ठाकुर के पास पँहुच जाता है, और हिस्सा न मिलने पर दबी जुबान इस राज को उजागर करने की बात कह देता है। शातिर ठाकुर का माथा ठनकता है। वो गंगू को इनाम का लालच देते अपनी बातों में फंसा उसका कत्ल कर अपने षड्यंत्र के राज को सदा के लिये दफ्न कर देता है। इस प्रस्तुति में परंपरागत वाद्ययंत्रों का तो कहना ही क्या। 'हरमुनिया' (हारमोनियम) पर नगर के दिग्गज कलाकार निर्मल पाल और नगड़िया पर सिद्धहस्त कलाकर सिद्दीक, ढोलक पर मुन्ना खां की उंगलियों की चपलता देखते ही बनती है तो वहीं सूत्रधार की भूमिका में मंजे अभिनेता गुरुदत्त पांडेय की लाजवाब दमदार गायकी और गवैया की भूमिका में सिकन्दर यादव की गायकी मानों प्रस्तुति में चार चांद लगा देते हैं। प्रेम सागर गुप्ता और सुनील विश्वकर्मा का संगीत संयोजन भी सराहनीय है। अभिनेताओं की बात की जाय तो इस प्रस्तुति में जहाँ एक तरफ बरसों बरस की साधना कर तपे–पके कलाकार अरुण शंकर तिवारी, करुणा सागर, अनिल त्रिपाठी, सुधांशु सावंत, प्रभात मिश्रा, कादिर शेख, अंजनी कुमार, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, अशोक शुक्ला, सुरेश कुमार, अभ्युदय तिवारी, परमेश्वर रावत और रामकुमार जैसे सिद्धहस्त कलाकार प्रस्तुति में प्राण फूँकते दिखाई पड़ते हैं तो वहीं दूसरी तरफ अनिरुद्ध प्रकाश, अंबर गुप्ता, नमन पण्डिया, संतराम और प्रांजल गौड़ जैसे नवोदित ऊर्जावान कलाकार भी अपनी भूमिका के साथ न्याय करने में वरिष्ठ कलाकारों से जरा भी पीछे नही दिखाई पड़ते। प्रस्तुति का कथानक मुख्यतः दो पात्रों के इर्दगिर्द बुना गया है। ठाकुर हरनाम सिंह की भूमिका में अपनी कुटिल चाल के साथ गरजते बहुमुखी प्रतिभा के धनी दूरदर्शन के वरिष्ठ समाचार वाचक/कमेंट्रेटर रंगकर्मी अनिल त्रिपाठी और उनके विश्वासपात्र सेवक दीन–हीन गंगू की भूमिका में थियेटर को ही अपना जीवन समर्पित कर चुके वरिष्ठ अभिनेता रंगकर्मी करुणा सागर मानो पात्रों को मंच पर जीवंत कर देते हैं। मधुसूदन 'बाबा' का मंच निर्माण, आलोक अग्रवाल की प्रकाश व्यवस्था, दिनेश अवस्थी की रूप सज्जा, तारा गुप्ता और शिवानी अग्रवाल की वेषभूषा प्रस्तुति के लिए सोने पे सोहागा सरीखे रहे। ये सभी पक्ष कथानक के अनुरूप परिवेश–परिदृश्य गढ़ते प्रस्तुति को प्रभावशाली और स्तरीय बनाने में पूर्णतया सफल रहे। ये सारा वृतांत न सिर्फ अधूरा बल्कि व्यर्थ साबित होगा अगर प्रस्तुति के निर्देशक और नाट्य रूपांतरकार वयोवृद्ध अभिनेता–रंगकर्मी अश्वनि 'मक्खन' का जिक्र न किया जाय। कामतानाथ जी की मूल कहानी का नाट्यरूपांतरण करते समय उन्होंने एक एक संवाद, एक एक गीत में नौटंकी शैली की बारीकियों का पूरा खयाल रखा है। पूर्णतया शहरी परिवेश में पले बढ़े आधुनिक थियेटर से जुड़े सभी कलाकारों से उन्होंने जिस तरह से बहरे–तबील, मांड, लावणी, डेढ़ तुकी आदि का सफल गायन करवाते हुए संवाद अदायगी करवाई है वो आश्चर्य में डाल देता है। प्रत्येक दृश्य में मंझे निर्देशन की जो छाप दिखाई पड़ती है वो सहज ही अहसास करा देती है कि अपने दशकों के अनुभव को उन्होंने किस खूबसूरती से इस प्रस्तुति में उड़ेला है। ताज्जुब तो यह होता है कि नाट्य–क्षेत्र के पुरस्कार और सम्मान निर्धारित करने वाली संस्था–समितियों की निगाह आखिर अश्वनि मक्खन जैसे समर्पित–वास्तविक रंगकर्मियों पर क्यों नहीं पड़ती ! क्या इसलिये कि चमक–धमक और लटके–झटके से दूर सामान्य जीवन जी रहे इन दिग्गजों को 'ठकुर–सुहाती' बतियाना, सत्तासीनों की शान में कसीदे काढ़ना या मसनवी गढ़ना नहीं आता ! इस मौके पर प्रयास रँगमण्डल ने एक सराहनीय और अनुकरणीय शुरुआत करते हुये कला–जगत को समर्पित विभूतियों को अलंकृत करने के लिये वरिष्ठ रंगकर्मी स्वर्गीय विजय तिवारी की स्मृति में 'विजय–श्री' सम्मान देने की घोषणा की। इस सम्मान की पहली कड़ी में 'विजयश्री–२०२०' के लिए वरिष्ठ रंगकर्मी/रँग प्रबंधक सिद्धार्थ पकरासी, 'विजयश्री–२०२१' के लिये वरिष्ठ रँग शिल्पकार मधु सूदन राव और 'विजयश्री–२०२२' के लिये सुप्रसिद्ध नृत्यांगना एवं अभिनेत्री डॉ.कुमकुम धर को सम्मानित किया गया। सुखद संयोग ये रहा कि नगर के प्रतिष्ठित सभागार रवींद्रालय में दशकों से बंद पड़े नाट्च–मंचन का सिलसिला भी 'देवी आगमन' की प्रस्तुति ओर 'विजय–श्री सम्मान' समारोह के जरिये पुनः प्रारंभ हुआ। अनेक नाट्य प्रेमियों के लिये जहाँ ये भावुकता के क्षण थे तो वहीं अपनी खचाखच भरी–पूरी दर्शक दीर्घा देख 'रवींद्रालय' भी झूमता– इतराता नजर आया। वर्षों बरस बाद रवींद्रालय में 'देवी आगमन' की प्रस्तुति एक ऐसा आयोजन रहा जिसे दर्शक लंबे समय तक भूल नहीं पायेंगे। प्रयास रँगमण्डल लखनऊ ने भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से इस प्रस्तुति को अंजाम दिया।

# हाईकोर्ट ने राज्य सरकार पर लगाया 25 हजार रुपये का जुर्माना

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सात साल से लम्बित एक जनहित याचिका में जवाब न दाखिल करने पर राज्य सरकार पर २५ हजार रुपये का हर्जाना लगाया है। न्यायालय ने हर्जाने की धनराशि जवाब न दाखिल होने के लिए जिम्मेदार अधिकारी से वसूलने की छूट भी सरकार को दी है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया है कि हर्जाने की धनराशि हाईकोर्ट के मध्यस्थता केंद्र में जमा की जाए। यह आदेश मुख्य न्यायमूर्ति राजेश बिंदल व न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने गुरु प्रसाद की जनहित याचिका पर पारित किया। याचिका वर्ष २०१५ से लम्बित है, लेकिन सरकार की ओर से जवाब नहीं दाखिल किया गया था। इस बार सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से पुनः समय दिए जाने की मांग की गई जिस पर न्यायालय ने जवाब देने के लिए अंतिम अवसर देते हुए, हर्जाने का आदेश दिया है। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई २१ फरवरी लगाते हुए स्पष्ट किया है कि यदि अगली सुनवाई तक जवाब नहीं दाखिल होता तो प्रमुख सचिव, राजस्व को कोर्ट में हाजिर होना होगा। उल्लेखनीय है कि ६ जनवरी को किसानों के बकाए पर ब्याज के भुगतान के एक मामले में भी सरकार द्वारा १० साल से जवाब न देने पर न्यायालय ने २५ हजार रुपये का हर्जाना लगाया था।

# शरद यादव का अंतिम संस्कार शनिवार को उनके पैतृक गांव में होगा

लखनऊ। वरिष्ठ समाजवादी नेता और जनता दल (यूनाइटेड) के पूर्व अध्यक्ष शरद यादव का अंतिम संस्कार शनिवार को मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम जिले में उनके पैतृक गांव में किया जाएगा। यह जानकारी उनके एक करीबी सहयोगी ने भोपाल में दी। पूर्व केंद्रीय मंत्री यादव का गुरुग्राम के एक निजी अस्पताल में बृहस्पतिवार को निधन हो गया। वह ७५ वर्ष के थे। जद (यू) की मध्यप्रदेश इकाई के पूर्व प्रमुख एवं यादव के करीबी सहयोगी गोविंद यादव ने कहा कि वरिष्ठ नेता का अंतिम संस्कार नर्मदापुरम (पहले होशंगाबाद) जिले की बाबई तहसील के उनके पैतृक गांव आंखमऊ में शनिवार को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यादव का पार्थिव शरीर विशेष विमान से शनिवार सुबह करीब ११ बजे दिल्ली से भोपाल लाया जाएगा, जहां से पार्थिव शरीर सड़क मार्ग से उनके पैतृक गांव आंखमऊ ले



जाया जाएगा। उन्होंने कहा कि दोपहर डेढ़ बजे के बाद उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। नर्मदापुरम से मिली जानकारी के अनुसार शरद यादव के भतीजे शैलेश यादव ने कहा कि उनका अंतिम संस्कार आंखमऊ गांव में किया जाएगा और शरद यादव के पुत्र शांतनु बुंदेला उन्हें मुखाग्नि देंगे। गोविंद यादव ने कहा कि छात्र नेता के रूप में शुरुआत करने के बाद शरद यादव ने १९७४ में मध्यप्रदेश की जबलपुर सीट से लोकसभा उपचुनाव में कांग्रेस के खिलाफ विपक्ष के उम्मीदवार के रूप में जीत हासिल की थी, जिसने उन्हें राष्ट्रीय राजनीति में पहुंचा दिया। उन्होंने कहा कि अपने लंबे राजनीतिक जीवन में शरद यादव सात बार लोकसभा चुनाव जीते। वह उच्च सदन के भी सदस्य रहे। उन्होंने कहा कि जबलपुर के अलावा उन्होंने उत्तरप्रदेश के बदायूं और बिहार के मधेपुरा से भी लोकसभा चुनाव जीता, जो किसी भी राजनेता के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

# बाल वैज्ञानिकों की प्रतिभा ने सभी का मनमोह लिया

लखनऊ। राजधानी में पहली बार समग्र शिक्षा अभियान की ओर से मंडल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन करने पहुंचे लखनऊ मंडल जेडी माध्यमिक सुरेन्द्र तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, डीआईओएस टू दिनेश कुमार सिंह राठौर, डीडीआर ओपी मिश्रा और सह जिला विद्यालय निरीक्षक रीता सिंह भी बाल वैज्ञानिकों की प्रतिभा देखकर हैरान रह गई। एक निजी स्कूल में आयोजित प्रदर्शनी में राजकीय इंटर कॉलेज सीतापुर से आये कक्षा ११ के छात्र अंकित कुमार ने वैकल्पिक उर्जा के तहत आग से विद्युत उत्पादन का मॉडल प्रस्तुत किया। जिसे जेडी सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने जमकर सराहा। वहीं दूसरी ओर रायबरेली से आयी कक्षा १२ की छात्रा अवनी पटेल की ओर से खेल में गणित और गणित में खेल प्रोजेक्ट तहत प्रस्तुत गणित को देखकर जेडी माध्यमिक भी उलझ गये। मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ दिनेश कुमार ने बताया कि रमसा की ओर से आयोजित इस प्रदर्शनी में लखनऊ मण्डल के ६ जनपदों सीतापुर, लखीमपुरखीरी, उन्नाव,रायबरेली, हरदोई,व लखनऊ जनपद से जूनियर संवर्ग में १३ मॉडल्स ,सीनियर संवर्ग में १७ मॉडल्स के साथ कुल ३० मॉडल्स के साथ कुल ४० छात्र छात्राओं तथा उनके ३० विज्ञान गाइड शिक्षक–शिक्षिकाओं ने वैज्ञानिक मॉडलों को प्रस्तुत करते हुए प्रतिभाग किया। प्रदर्शनी आयोजन में निर्णायक के रूप में सीडीआरआई लखनऊ की सीनियर साइंटिस्ट डॉ ऋचा पाण्डेय, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ एचके द्विवेदी,व जनता इण्टर कॉलेज आलमबाग लखनऊ के जीव विज्ञान प्रवक्ता पवन कुमार ने एक एक मॉडल का बारीकी से अवलोकन करते हुए मूल्यांकन किया साथ ही सभी प्रतिभागी छात्र छात्राओं के उनके मॉडल्स के सामाजिक उपयोग के बारे में बताया,और इन मॉडल्स से आगे क्या क्या संभावनाएं भी हो सकती हैं वो भी बताया। मण्डल स्तर की इस प्रदर्शनी में जूनियर संवर्ग में कक्षा–६ से तेजस्वनी, समीर के उनके स्मार्ट ड्रिप इरिगेशन मॉडल के लिए प्रथम स्थान दिया गया तथा कक्षा नौ के आयुष पटेल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया इनके मॉडल का नाम केमो कूल फ्रीज रहा। वहीं सीनियर संवर्ग में जनपद रायबरेली से कक्षा १२ की छात्रा अवनी पटेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जिनके मडल का शीर्षक खेल में गणित और गणित में खेल रहा व जनपद लखनऊ के कक्षा १२ के छात्र गणेश कुमार के वाटर लेवल इंडक्टर मॉडल को द्वितीय स्थान दिया गया। प्रदर्शनी में प्रथम स्थान प्राप्त विजेताओं को जेडी सुरेन्द्र तिवारी ने गोल्ड मेडल व द्वितीय स्थान प्राप्त विजेताओं को सिल्वर मेडल ,और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया,व शेष सभी छात्र छात्राओं को सहभागिता प्रमाण पत्र दिए गए,प्रतिभाग में सहयोग करने वाले समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं को भी प्रमाण पत्र प्रदान किये गए। वहीं जिला विद्यालय निरीक्षक लखनऊ राकेश कुमार पाण्डेय ने प्रतिभाग करने वाले सभी छात्र छात्राओं के मॉडल्स की प्रसंशा की,डी आई ओ एस द्वितीय दिनेश कुमार सिंह राठौर ने सभी मॉडल्स की खूबियों पर प्रकाश डाला तथा उन्होंने बताया ऐसी प्रदर्शनी से ही छात्र छात्राओं में वैज्ञानिक अनुसंधान की रुचि का विकास होता है।

# लोहड़ी का त्योहार पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

लखनऊ। लखनऊ, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में शुक्रवार को लोहड़ी का त्योहार पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उत्सव के एक महत्वपूर्ण हिस्से के तौर पर अलाव जलाया गया और परिवार सुंदर मुंदरिए हो जैसे प्रसिद्ध गीतों की धुन पर थिरके। लोगों ने लोहड़ी से जुड़े तीन खाद्य पदार्थ गुड़, मूंगफली और मकई का लावा बांटा। दिन में कई जगहों पर बच्चों और युवाओं ने पतंगबाजी की प्रतियोगिता आयोजित की। लड़कियों ने कई स्थानों पर पारंपरिक पोशाक में लोक नृत्य गिद्दा किया। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने इस अवसर पर लोगों को बधाई दी। खट्टर ने ट्वीट किया, ''प्रेम, भाईचारे और खुशियों के पावन पर्व लोहड़ी की सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। भगवंत मान ने ट्वीट कर कहा, ''सभी पंजाबियों को लोहड़ी के त्योहार की बधाई...।'' इस बीच खट्टर ने करनाल के प्रेम नगर स्थित सामुदायिक केंद्र में आम लोगों के साथ लोहड़ी का त्योहार मनाया। करनाल खट्टर का गृह निर्वाचन क्षेत्र है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, इस शुभ अवसर पर



खट्टर ने राज्य के लोगों की समृद्धि और हरियाणा की प्रगति के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने १४ जनवरी को मनाई जाने वाली मकर संक्रांति की पूर्व संध्या पर प्रदेश और देशवासियों को हार्दिक बधाई दी। इस मौके पर खट्टर ने कहा कि उन्हें खुशी है कि उन्हें करनाल शहर के लोगों के साथ लोहड़ी मनाने का मौका मिला।

# बिजली के तार से भड़की चिंगारी से लाखों का स्टॉक जलकर खाक

लखनऊ। हजरतगंज थानाक्षेत्र अन्तर्गत लालबाग स्थित बेलदारी लेन में गुरुवार की शाम करीब छह बजे उस वक्त अफरा–तफरी के साथ भगदड़ मच गई। जहां एक घर में बने सीट कवर के गोदाम में भयावह आग लग गई। आग लगने की सूचना पर पहुंची फायर फाइटर की टीम राहत कार्य में जुटी गई। आनन–फानन टीम ने अन्य दुकानों बाहर पड़ा माल हटवाया। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत करने के बाद टीम ने आग पर काबू पाया। सूचना पर फायर ब्रिगेड समेत हजरतगंज पुलिस मौके पर पहुंची। हजरतगंज थाना प्रभारी अखिलेश मिश्र ने बताया कि लालबाग के बेलदारी लेन में एक घर के अंदर गाड़ियों के सीट कवर का गोदाम बना हुआ था। गोदाम के अंदर बने पावरबोर्ड में बिजली के तार निकले हुए थे। अचानक तार आपस में लड़ गए और स्पार्किंग के साथ चिंगारी भड़क गई। चंद मिनट में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया है। जब लोगों ने आग की लपटों को देखा तो फौरान पुलिस कंट्रोल रूम के अलावा फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना पर हजरतगंज फायर स्टेशन से तीन गाड़ियां रवाना हुई। इसके बाद फायर फाइटर की टीम ने आग पर काबू पाया। आशंका जताई जा रही है कि इस दुर्घटना में करीब लाखों का स्टॉक जलकर नष्ट हो गया है। वहीं मौजूद लोगों ने मोबाइल कैमरे की मदद से इस घटना का वीडियो तैयार कर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल भी कर दिया था।

# साइबर जालसाज ने ओटीपी भेजकर खाते से उड़ाए 44 हजार रुपये

लखनऊ। गाजीपुर थानाक्षेत्र अन्तर्गत साइबर जालसाज ने एक युवक को ओटीपी भेजकर खाते से ४४ हजार की रकम पार कर दी है। ठगे जाने के बाद पीड़ित ने गाजीपुर कोतवाली में तहरीर देते हुए मुकदमा दर्ज करवाया है। गाजीपुर थानाक्षेत्र अन्तर्गत इस्माइलगंज फैजाबाद रोड निवासी भूपेंद्र प्रताप सिंह के मुताबिक, बीते १७ दिसम्बर को साइबर ठग ने उन्हें बैंककर्मी बनकर कल की और क्रेडिट कार्ड का ब्यौरा हासिल कर लिया। इसके बाद जालसाज ने पीड़ित के मोबाइल नंबर पर व्ज भेज दिया। बहकाव में आकर पीड़ित ने जालसाज को भेजा गया ओपीटी नंबर बता दिया। इसके बाद जालसाज ने पीड़ित के बैंक खाते से ४४ हजार रुपये की रकम निकाल ली। रुपयों की निकासी का मैसेज आने पर पीड़ित को ठगी की जानकारी हुई। उसके बाद पीड़ित ने गाजीपुर कोतवाली में तहरीर देते हुए आईटी एक्ट का मुकदमा दर्ज करवाया है।

# वैश्विक चुनौतियों पर चर्चा के साथ ही भारतीयता का रंग बिखेरती जी20 की अध्यक्षता

नई दिल्ली। विश्व की २० प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं का समूह जी२० या ग्रुप २० समिट की मेजबानी वर्तमान में भारत के पास है। भारत को दिसंबर २०२२ में आधिकारिक रूप से जी२० की अध्यक्षता मिली थी। जी२० की अध्यक्षता मिलने के बाद भारत विकासशील देशों के ट्रोइका में शामिल हो गया है। जी२० ट्रोइका का अर्थ है कि हर साल जब एक सदस्य देश अध्यक्ष पद ग्रहण करता है तो वह देश पिछले साल के अध्यक्ष देश और अगले साल के अध्यक्ष देश के साथ समन्वय स्थापित करता है। इस बार के ट्रोइका में इंडोनेशिया, भारत और ब्राजील शामिल है। जी२० की अध्यक्षता कर रहा भारत इस बार 'इंडिया फर्स्ट' के मंत्र पर आगे बढ़ रहा है। सिर्फ यही नहीं बल्कि भारत ने दुनिया भर के सामने समृद्ध क्षमता, विरासत, संस्कृति, परंपरागत शहरों के इतर विविधिता भरे भागों को गर्व के साथ प्रस्तुत किया है। जी२० अध्यक्षता के तहत भारत उदयपुर में शेरपा ट्रैक की पहली बैठक ले चुका है। इसके अलावा बेंगलुरु में वित्त ट्रैक की पहली बैठक आयोजित हो चुकी है और मुंबई में पहली विकास कार्य समूह की बैठक भी हुई है। इन बैठकों में चुनौती और भारत की प्राथमिकता वाले विषयों पर चर्चा हुई थी। यहां स्थानीय लोकनृत्य की प्रस्तुति, पर्यटन स्थल और विरासत स्थल का भ्रमण कराकर भारत की विविधता, स्थानीय कौशल क्षमता और संस्कृति से रूबरू कराया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधान सचिव पी.के. मिश्रा भी इस बैठक में मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि देश के पास अपनी परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को विश्व के सामने रखने का यह एक बेहतरीन मौका है। जी२० सम्मेलन की अध्यक्षता का अवसर ना सिर्फ ऐतिहासिक है बल्कि उम्मीदों से भरा हुआ है। इस बीच जी७ देशों ने भी भारत को मिली जी२० की अध्यक्षता के समर्थन में बयान दिया है। जी७ देशों ने संयुक्त रुप से जारी बयान में कहा कि जी७, एक शांतिपूर्ण, समृद्ध और सतत भविष्य के पुनर्निर्माण के लिए मजबूती से एकजुट और पूरी तरह प्रतिबद्ध होकर खड़ा है। भारत का प्रयास साझा भविष्य के लिए साझा समाधान पर भी है तो भारत जी२० को जनभागीदारी से जोड़कर पब्लिक को जी२० से जोड़ना चाहता है। बात दें कि खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सर्वदलीय बैठक और राज्यों के मुख्यमंत्री, राज्यपाल और उपराज्यपाल के साथ बैठक की थी जिसमें उन्होंने संपूर्ण–सरकार, संपूर्ण–समाज का दृष्टिकोण जनभागीदारी के लिए अपनाने पर जोर भी दिया है। राजस्थान के उदयपुर में शेरपा ट्रैक की बैठक का आयोजन चार से सात दिसंबर तक आयोजित हुई थी। इस बैठक में सभी जी२० देशों के शेरपाओं ने हिस्सा लिया था। वहीं सभी देशों ने भारतीय नेतृत्व पर भी भरोसा जताया। सभी देशों ने मिलकर एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य की थीम की प्रशंसा भी की है। सभी देशों ने कहा कि इससे दुनिया में तनाव कम होगा और विश्वास बढ़ेगा। दिसंबर में हुए शेरपाओं के सम्मेलन में कई तरह के रोडमैप तैयार किए गए हैं। बैठक में चर्चा के प्रमुख विषयों में तकनीकी परिवर्तन, पर्यावरण के लिए हरित विकास और जीवन शैली, त्वरित, समावेशी और लचीला विकास, बहुपक्षवाद और 3Fs यानी फूड, फ्यूल और फर्टिलाइजर, महिलाओं के नेतृत्व में विकास, पर्यटन और संस्कृति शामिल रहे। शेरपा ट्रैक में शामिल होने आए प्रतिनिधियों को राजस्थानी लोक परंपरा के मुताबिक गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया था। यहां सभी




गणमान्यों ने स्थानीय जैकेट और कोट पहनकर राजस्थान के लोकरंग में सरोबार हुए। राजस्थान की शान पारंपरिक साफा भी प्रतिनिधियों को पहनाया गया जिससे उन्हों साफे के गौरवशाली इतिहास से भी रूबरू कराया गया। इसके साथ ही विकास समूह की पहली बैठक यानी सस्टेनेबल डेवपलमेंट गोल्स, पर्यावरण के लिए हरित विकास और जीवन शैली और विकास के लिए डेटा पर चर्चा की गई। शेरपा ट्रैक के तहत १३ से १६ दिसंबर के बीच विकास समूह की बैठक हुई। भारत के शेरपा अमिताभ कांत ने स्पष्ट किया है कि हमारी प्राथमिकता जी२० सदस्यों की आकांक्षाओं के साथ विश्व के दक्षिणी देशों की आकांक्षाओं को भी दर्शाती है। भारत एक समावेशी, महत्वाकांक्षी, निर्णायक और कार्रवाई उन्मुख दृष्टिकोण अपना रहा है। भारत की प्राथमिकताओं में जलवायु के अनुकूल कार्रवाई और वित्त पोषण सहित हरित विकास जिसमें पर्यावरण के लिए जीवन शैली भी शामिल है। सतत विकास लक्ष्यों के कार्न्वयान में तेजी लाना और विकास के लिए डेटा पर भी जी२० में शामिल देशों को अवगत कराया गया। भारत ने महिलाओं के नेतृत्व में विकास को भी समावेशी विकास और सामूहिक कार्रवाई के महत्व पर जोर देकर आगे बढ़ाया है। भारत का मानना है कि नागरिकों, विकासशील और विकसित देशों के जीवन में बदलाव के लिए भी अच्छी गुणवत्ता वाला वास्तविक समय पर सुलभ डेटा जरूरी है जो हर राजनीतिक नेता और सरकारी कर्मचारी को अपने लोगों के प्रति उत्तरदायी बनाएगा। पूरे देश की है भारत की जी२० अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरद्रें मोदी ने सभी राज्यों और राजनीतिक दलों से सहयोग मांगने के लिए उनके साथ बैठक की। सर्वदलीय बैठक और राज्यों के मुख्यमंत्री, राज्यपाल और उपराज्यपालों के साथ विमर्श बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि भारत की जी२० अध्यक्षता पूरे देश की है और यह देश की ताकत दिखाने का अनूठा अवसर है। जी२० की अध्यक्षता भारत के परंपरागत महानगरों से अलग देश के प्रत्येक हिस्से की विशिष्टता प्रदर्शित करने में मदद करेगी। जहां बैठकें होंगी उन स्थानों को आकर्षक व्यापार, निवेश और पर्यचन स्थलों के रूप में पेश करने और अर्थव्यवस्था की क्षमता बढ़ाने पर ध्यान दिया जाए। विदेशी मेहमानों के मेन्यू में भारतीय मोटा अनाज मोटा अनाज अंतरराष्ट्रीय वर्ष २०२३ को देखते हुए भारत ने देश में उपलब्ध मोटा अनाज के विविधता भरे मेन्यू को जी२० के वैश्विक मंच पर उदयपुर में जुटे शेरपाओं और प्रतिनिधियों के सामने स्वास्थ्यवर्धक भोज्य पदार्थ के तौर पर पेश किया। इसमें राजस्थान की शाही थाली के अलावा मेन कोर्स में मेहमानों को मखाना मेथी मटर मलाई, ज्वार मेथी गट्टा करी, अखरोट–अंजीर का हलवा भी परोसा गया। जानते हैं जी२० की प्रमुख बातें...– अंतरराष्ट्रीय सहयोग की दिशा में जी२० एक प्रमुख मंच है जिसमें १६ देशों के साथ यूरोपीय संघ भी शामिल है।– बांग्लादेश सहित नौ अतिथि देशों के साथ संयुक्त राष्ट्र, विश्व स्वास्थ्य संगठन, विश्व व्यापार संगठन सहित कई अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय संगठन स्थायी तौर पर शामिल हैं।– जी२० अध्यक्ष के रूप में भारत ने अंतरराष्ट्रीय सोलर अलायंस, सीडीआरआई और एशियन डेवलपमेंट बैंक को भी आमंत्रित किया है।– जी२० में दो समानांतर ट्रैक होते हैं– वित्त ट्रैक और शेरपा ट्रैक। वित्त मंत्री और सेंट्रल बैंक के गवर्नर वित्त ट्रैक का नेतृत्व करते हैं जबकि शेरपा ट्रैक का नेतृत्व शेरपा करते हैं।– तीसरा सहभागी समूह है जिसमें गैर सरकारी प्रतिभागी शामिल होते हैं, नीति निर्माण प्रक्रिया में योगदान देते हैं। इस बार भारत की तरफ से प्रस्तावित स्टार्टअप २० सहित इसमें १० समूह हैं।– जी२० का कोई स्थायी सचिवालय नहीं है। इसकी अध्यक्षता ट्रोइका द्वारा समर्थित है जिसमें पिछला, वर्तमान और आने वाला अध्यक्ष देश शामिल होता है। वर्तमान में इंडोनेशिया, भारत और ब्राजील ट्रोइका में शामिल है।– भारत के लिए पिछले ७५ सालों में सबसे बड़ा आयोजन है जिसमें ५० से अधिक शहरों में २०० से ज्यादा बैठकें होंगी।

# हिमाचल प्रदेश में बहाल हुई पुरानी पेंशन स्कीम

नई दिल्ली। हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में पुरानी पेंशन स्कीम को बहाल करने का मुद्दा बहुत बड़ा था। कांग्रेस ने आम जनों से इसे बहाल करने का वादा भी किया था। अब कांग्रेस अपने इस वादे को पूरा करती नजर आ रही है। खुद हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने ट्वीट कर इस बात की जानकारी दी है। अपने ट्वीट में सुखविंदर सिंह सुक्खू ने लिखा कि कांग्रेस की विचारधारा प्यार, भाईचारे और सच्चाई की मिसाल है। आज लोहडी के शुभ अवसर पर मुझे हिमाचल के कर्मचारियों की लंबित मांग वै को बहाल करते हुए बहुत खुशी हो रही है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि कर्मचारी सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर



हिमाचल के विकास में अपना पूर्ण सहयोग देंगे। आपको बता दें कि हिमाचल प्रदेश चुनाव में इस बार २ बड़े मुद्दे थे। पहला मुद्दा सरकारी कर्मचारियों के ओल्ड पेंशन स्कीम को फिर से बहाल करना जबकि दूसरा था अग्निवीर भर्ती स्कीम। कांग्रेस ने ओपीएस को बड़ा मुद्दा बनाया था। प्रचार के दौरान खुद प्रियंका गांधी ने कहा था कि अगर उनकी सरकार राज्य में बनती है तो कांग्रेस पुरानी पेंशन स्कीम को लागू करेगी। अब मुख्यमंत्री सुक्खू ने अपने वादे को पूरा किया है। हिमाचल चुनाव के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता प्रेम कुमार धूमल ने भी पुराने पेंशन स्कीम को बहाल करने की पैरवी की थी। आपको बता दें कि नवंबर में हिमाचल प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने जबरदस्त जीत हासिल की थी।

# सादगी से मनाया प्रियंका गांधी का जन्मदिन

लखनऊ। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी का जन्म दिन गुरुवार को सादगी से मनाया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर में गरीबों में मिष्ठान का वितरण किया और कंबल बांटे। जन्म दिन पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने बधाई देते हुए उनके दीर्घायु होने की कामना की। खाबरी व प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री नकुल दुबे ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में गरीबों को कंबल वितरण किया। इस अवसर पर प्रशासन प्रभारी दिनेश सिंह, संगठन सचिव अनिल यादव, मीडिया संयोजक अशोक सिंह आदि मौजूद रहे। प्रदेश कांग्रेस के चिकित्सा विभाग के चेयरमैन डॉ जियाराम वर्मा, पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर तालिब अली व जिला महासचिव गुड्डे नवाब के नेतृत्व में राजाजीपुरम में मीना बेकरी चौराहा में गरीबों व मजूदरों को कंबल वितरित किया गया। प्रदेश महिला कांग्रेस मध्य जोन की अध्यक्ष ममता चौधरी के नेतृत्व में ऐशबाग, मोतीनगर नगर स्थित बाल गृह व वृद्धा आश्रम में बच्चों व वृद्धों को कंबल, मिष्ठान व फल वितरित किया गया। युवा कांग्रेस व भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं ने भी शहर में मिष्ठान व फल का वितरण किया। कांग्रेस उद्योग व्यापार प्रकोष्ठ मध्य जोन के चेयरमैन पवन गुप्ता ने युवा नेता समीर श्रीवास्तव को प्रकोष्ठ के अन्तर्गत प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी व नकुल दुबे ने समीर को बधाई दो दी है।

# पीएम मोदी ने बटन दबाकर विलास क्रूज को किया रवाना, टेंट सिटी का भी किया उद्घाटन



वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में गंगा नदी के किनारे दुनिया के सबसे लंबे रिवर क्रूज एमवी गंगा विलास को हरी झांडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी गंगा पार रेती पर बने टेंट सिटी का भी बटन दबाकर उद्घाटन किया। पीएम मोदी के बटन दबाते ही तालियों की गड़गड़ाहट से कार्यक्रम स्थल गूंज उठा। पीएम मोदी ने काशी को हजार करोड़ की सौगात दी। रिवर क्रूज एमवी गंगा विलास के उद्घाटन के मौके पर प्रधानमंत्री ने हर–हर महादेव के उद्घोष के साथ भाषण का आरंभ किया। उन्होंने कहा कि आज लोहड़ी का त्योहार है। आने वाले दिनों में हम उत्तरायण, मकर संक्रांति, बिहू, पोंगल जैसे अनेक पर्व मनाएंगे। मैं देश और दुनिया में इन त्योंहारों को मना रहे सभी लोगों को बधाई देता हूं। अपनी शुभकामनाएं देता हूं। हमारे पर्वों स दान–दक्षिणा, तप–तपस्या, हमारे संकल्पों की सिद्धि के लिए हमारी आस्था, हमारी मान्यता का एक अपना महत्व है। इसमें भी हमारी नदियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। ऐसे समय में हम सभी नदी जलमार्ग के विकास से जुड़े बड़े उत्तसव के साक्षी हैं। इस दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा– प्रधानमंत्री आज राज्य में ५ नए घाटों का उद्घाटन भी करेंगे। काशी आज एक नई पहचान के साथ आगे बढ़ रही है। वाराणसी में अब पर्यटन और रोजगार में बढ़ोतरी होगी । बता दें कि फाइव सितारा होटल की सुविधाओं से लैस टेंट सिटी में गंगा दर्शन विला सबसे खास आकर्षण वाला है। इसके अलावा अन्य टेंट कटेज भी हैं। यहां खास बनारसी खानपान होगा। इसके अलावा खास थीम पर लाइटिंग और डेकोरेशन किया गया है। ऐतिहासिक घाटों, गंगा और पूरे टेंट सिटी का नजारा देखने के लिए स्टेनलेस स्टील का ३२ फीट ऊंचा गंगा वाच टावर बनाया गया है। रविदास घाट पर मुख्यमंत्री योगी के साथ मंच पर कई दिग्गज मौजूद। कार्यक्रम के शुरुआत में केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने अपना संबोधन दिया। बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का भी वीडिय कन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े। असम के मुख्यमंत्री हेमंता विश्वकर्मा का ने भी संबोधन दिया। इस दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## भारतीय वायु सेना की गणतंत्र दिवस की तैयारियों के चलते एयर इंडिया कुछ घरेलू उड़ानें करेगी निरस्त

नई दिल्ली। एयर इंडिया ने शुक्रवार को कहा कि वह भारतीय वायु सेना (आईएएफ) द्वारा गणतंत्र दिवस की तैयारी के मद्देनजर कुछ मार्गों पर घरेलू उड़ानें रद्द कर देगी। एयरलाइन १६ जनवरी से २४ जनवरी तक और उत्सव के दिन सुबह १०:३० बजे से दोपहर १२:४५ बजे तक दिल्ली से और दिल्ली से चलने वाली सभी उड़ानें रद्द कर देंगी। निर्धारित समय सीमा से पहले या बाद में चलने वाली उड़ानें हमेशा की तरह चलती रहेंगी। एयरलाइन ने कहा – एयरलाइन का निर्णय दिल्ली हवाईअड्डे द्वारा जारी नोटिस टू एयरमेन (**NOTAM**) के अनुसार है। ७४ वें गणतंत्र दिवस तक एक सप्ताह के लिए हवाई क्षेत्र हर दिन लगभग तीन घंटे के लिए प्रतिबंधित रहेगा। इस प्रकार, एयर इंडिया ने व्यवधानों को कम करते



हुए उड़ानों को रद्द करने के साथ–साथ पुनर्निर्धारित करने के लिए उचित उपाय किए हैं। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए, एयर इंडिया उन्हें एक घंटे की देरी या आगे बढ़ने के साथ पुनर्निर्धारित करेगी। इसका प्रभावी रूप से मतलब है कि एलएचआर (लंदन), आईएडी (डलेस), ईडब्ल्यूआर (नेवार्क), केटीएम (काठमांडू) और बीकेके (बैंकॉक) जैसे पांच स्टेशनों से अल्ट्रा–लॉन्ग हॉल, लॉन्ग–हॉल और शॉर्ट हॉल अंतरराष्ट्रीय संचालन प्रभावित होंगे। एक घंटे की देरी या देरी के कारण। एयर इंडिया ने कहा कि ”इस अवधि के दौरान कोई अंतर्राष्ट्रीय परिचालन रद्द नहीं किया गया है। आईजीआई हवाई अड्डे, नई दिल्ली से आनेध्जाने वाले घरेलू या अंतरराष्ट्रीय यात्रियों से अनुरोध है कि वे किसी भी असुविधा से बचने के लिए अपनी उड़ान की स्थिति की जांच कर लें।“

## एंटी करप्शन टीम ने रिश्वत लेते लेखपाल को पकड़ा

लखनऊ। रायबरेली जनपद के हरचंदपुर तहसील में कार्यरत लेखपाल को एंटी करप्शन टीम ने शुक्रवार को पीजीआई थानाक्षेत्र से रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। आरोप है कि लेखपाल ने एक महिला से किसान से उसकी भूमि की नपाई के लिए आठ हजार रुपये की डिमांड की थी। वहीं महिला का आरोप है कि रुपये न मिलने पर लेखपाल उसकी जमीन को खुर्द बुर्द करने की धमकी भी दे रहा था। इसके बाद महिला ने एंटी करप्शन की टीम से लेखपाल की शिकायत की। टीम ने लेखपाल को आठ हजार रुपये की रिश्ववत लेते दबोच लिया। इसके बाद एंटी करप्शन टीम ने लेखपाल के खिलाफ पीजीआई कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज करवाई है। दरअसल, रायबरेली जनपद की हरचंदपुर निवासिनी सियालली सिंह ने अपनी जमीन की पैमाइश के लिए तहसील में प्रार्थना पत्र दिया था। उसकी दरखध्वास्त पर अधिकारियों ने मोहर लगा दी थी, लेकिन उसक्षेत्र का लेखपाल कमलेश कुमार महिला को चक्कर कटवा रहा था। मौका देखते हुए लेखपाल ने अपनी मंशा जाहिर करते हुए महिला से जमीन की पैमाइश के लिए आठ हजार रुपये की डिमांड की और रुपये लेकर पीजीआई क्षेत्र में बुलाया। हालांकि महिला ने इसकी सूचना एंटी करप्शन टीम को दे दी थी। इसके बाद एंटी करप्शन टीम ने रिश्वतखोर लेखपाल को पकड़ने के लिए रणनीति तैयार की। प्लान के तहत सियालली सिंह लेखपाल कमलेश कुमार के बताए स्थान पर पहुंचीं तो आसपास मौजूद इंस्पेक्टर संजय यादव और उनकी टीम ने आरोपी लेखपाल को आठ हजार रुपये लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। आरोपी लेखपाल को पीजीआई कोतवाली पुलिस को सौंप दिया गया है। पीजीआई पुलिस विधिक कार्रवाई कर रही है।

## लखनऊ और वाराणसी में होगा ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आयोजन

लखनऊ। पीएम नरेंद्र मोदी के खेलो इंडिया विजन को साकार करने में यूपी के लखनऊ और वाराणसी शहर भी शामिल होने जा रहे हैं। ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आयोजन उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ और वाराणसी में अप्रैल में होगा। इन वेन्यू कमेटी का एक–एक क्रीड़ा अधिकारी को इंजार्ज बनाया जाएगा। वहां की व्यवस्था की पूरी जिम्मेदारी उसी क्रीड़ा अधिकारी की रहेगी। लखनऊ में आयोजित होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिति में गेम्स की ब्रांडिंग की जाएगी। गेम्स की ओपनिंग सेरेमनी लखनऊ




खेलों में चार हजार के करीब खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। अपर मुख्य सचिव, खेल एवं युवा कल्याण डॉ. नवनीत सहगल ने बताया कि लखनऊ और वाराणसी के अलग–अलग वेन्यू का उपयोग होगा। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स अप्रैल या मई में लखनऊ सहित उत्तर प्रदेश के कई शहरों में आयोजित किए जाएंगे, देशभर की हजारों यूनिवर्सिटी स्तर के खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। डॉ. सहगल ने बताया कि अप्रैल के अंत में प्रस्तावित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स–२०२३ के सफल आयोजन के लिए वेन्यू वाइज कमेटी बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं, प्रत्येक में होगी. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुभारंभ करेंगे। वाराणसी में होने वाली क्लोजिंग सेरेमनी के मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री होंगे. डॉ. सहगल ने बताया कि आयोजन का मुख्य केंद्र लखनऊ होगा। यहां बीबीडी यूनिवर्सिटी में फुटबॉल, बक्सिंग तथा मलखंब की प्रतियोगिताएं होंगी। इस यूनिवर्सिटी में १० दिन प्रतियोगिताएं चलेंगी और इसमें ४७६ खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। बीबीडी एकेडमी में बैडमिंटन तथा टेबल टेनिस का आयोजन होगा और इसमें ३५२ खिलाड़ी भाग लेंगे। डॉ. शकुंतला मिश्रा नेशनल यूनिवर्सिटी में एथलेटिक्स, वॉलीबाल, जूडो तथा फुटबॉल प्रतियोगिता होगी।

## उत्तरायणी कौथिग मेले में दिखेगी उत्तराखण्ड की झलक

लखनऊ। राजधानी में पर्वतीय महापरिषद की तरफ से साल २०१० में शुरू किया गया उत्तरायणी कौथिग (मेला) साल दर साल अपना भव्य स्वरूप ६ ाारण कर रहा है। साल २०१० में यह मेला तीन दिवस के लिए पूरन राम का प्रसिद्ध छोलिया दल के कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। बताया जा रहा है कि मेले में आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं, महिलाओं की मटकी फोड़,रस्सा–कसी,मेहन्दी प्रतियोगिता,,बच्चों की चित्रकला



लगाया गया था,लेकिन इस बार यह मेला करीब दस दिनों का होगा। यह मेला गोमती नदी के तट पर स्थित पंडित गोविन्द बल्लभ पंत पर्वतीय संरेंत उपवन में आयोजित किया जा रहा है। मेले की शुरूआत महानगर स्थित रामलीला मैदान से शोभा यात्रा निकाल कर की जायेगी। इस शोभा यात्रा की शुरूआत बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक करेंगे। शोभायात्रा में अल्मोड़ा से आये समेत अन्य कार्यक्रमों का क्रम तय हो चुका है। इसके अलावा उत्तराखण्ड समेत देश के कोने–कोने से सांसेतिक दल कल यानी शनिवार को राजधानी पहुंच जायेंगे। वहीं इस मेले में कल शाम महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी शिरक्त करेंगे। पर्वतीय महापरिषद के संयोजक के.एन.चन्दोला ने बताया कि इस मेले के माध्यम से उत्तराखण्ड की संस्कृत को उत्तर प्रदेश में जीवन्त रखा जाता है।

# शिक्षामित्रों ने अपनी मांगों को लेकर निकाली 'स्वाभिमान बचाओ रैली'

लखनऊ। राजधानी के इको गार्डन में उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ ने प्रदेश के शिक्षा मित्रों की शामिल हुए। वहीं इस रैली में मोहनलालगंज लखनऊ के विधायक अमरेश कुमार ने शामिल



समस्याओं से निजात दिलाने के लिए शिक्षा मित्र सम्मान और स्वाभिमान बचाओ रैली निकाली गई। इस रैली में प्रदेश के सभी शिक्षा मित्र अपनी मांगों और पीड़ा को सरकार तक पहुंचाने के लिए कड़ाके की ठण्ड की परवाह न करते हुए कई हजारों की संख्या में होकर शिक्षा मित्रों की मांगों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने की बात की और जल्द से जल्द उनकी समस्याओं से निजात दिलाने का आश्वासन दिया। रैली के दौरान शिक्षा मित्रों ने योगी सरकार से विनम्र निवेदन के साथ शिक्षा मित्रों को नियमावली में संशोधन करके पुनः नियमित किया जाए। इसके अलावा जब तक उनका समायोजन नहीं होता तब तक उन्हें ४० हजार रुपए वेतनमान दिया जाए। वहीं जिन शिक्षा मित्रों की असामयिक मृत्यु हो गई है उनके परिजनों में किसी एक को मृतक आश्रित नौकरी दी जाए समेत कुल ६ मांगों की गुहार लगाई। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के उप महामंत्री कोषाध्यक्ष रमेश मिश्रा ने बताया कि उनका एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार शुक्ला के नेतृत्व में प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा से मिलने गया है। जैसी सहमति होगी आगे वैसा किया जाएगा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी लापता

लखनऊ। गाजीपुर थानाक्षेत्र में एक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। जिसके बाद किशोरी की मां ने बेटी के प्रेमी व उसके घर वालों पर अपहरण का आरोप लगाते हुए गाजीपुर कोतवाली में मुकदमा दर्ज करवाया है। पीड़ित परिवार का कहना है कि प्रेमी के परिजनों की मिलीभगत है। जिस वजह से आरोपी उनकी बेटी को अपने साथ कहीं भगा ले गया। गाजीपुर थानाक्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने बताया कि बीते १० जनवरी की दोपहर करीब एक बजे उसकी १४ वर्षीय बेटी लापता चल रही है। देर शाम तक बेटी घर नहीं लौटी, तो परिजनों को चिंता सताने लगी। काफी खोजबीन करने पर बेटी का कहीं सुराग नहीं मिला। इसके बाद परिजनों को जानकारी हुई प्रतापनगर का रहने वाला विपिन भी लापता है। इसके बाद किशोरी की मां ने विपिन व उसकी भाभी समेत अन्य परिजनों के खिलाफ गाजीपुर थाने में शिकायत दी। आरोप है कि विपिन अपने परिजनों की मिलीभगत से उनकी बेटी को अगवा कर अपने साथ कहीं ले गया है। इस सम्बन्ध में गाजीपुर प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार के पर पुलिस ने विपिन व उसके परिजनों के खिलाफ संगीन ६ ाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। जल्द ही किशोरी को सुरक्षित बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा। मामले की पड़ताल जारी है।


हमारे अन्य प्रतिनिधि

संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370

प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार

सुरेश नारायण मिश्र
क्षेत्रीय सम्पादक

सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289

मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ


# पठान के ट्रेलर को मिल रही प्रतिक्रिया से खुश हैं जॉन अब्राहम

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम फिल्म पठान को मिल रही प्रतिक्रिया से खुश है। यशराज बैनर तले बन रही सिद्धार्थ आनंद निर्देशित पठान में शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम



की मुख्य भूमिका है। फिल्म पठान का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। हाल ही में ऐसी खबरें सामने आईं कि शाहरुख और जॉन के बीच सबकुछ ठीक नहीं है। इन सबके बीच जॉन ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने पठान लेकर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। जॉन अब्राहम ने उनके एक्टिंग करियर में बेस्ट किरदार ऑफर करने के लिए आदित्य चोपड़ा को भी थैंक्यू कहा। उन्होंने इंस्टा स्टोरी पर लिखा, श्सिनेमा में मेरे सालों में, ये पल, ठीक यहा..ठीक अभी, स्पेशल वन। ये अमेजिंग है कि आपने पठान के ट्रेलर पर इतना प्यार बरसाया। इसे बनाने में बहुत मेहनत की गई है। ये बड़ा है।श्आदि ने मुझे हमेशा कुछ बेहतरीन भूमिकाएं दी हैं और मैं ये देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकता कि सिद्धार्थ आनंद ने मेरे और फिल्म के साथ क्या किया है! मैं पठान के बारे में बहुत कुछ कहना चाहती हूं, लेकिन आइये हम सभी २५ जनवरी का इंतजार करें। बड़े पर्दे पर जबरदस्त एंटरटेनमेंट के लिए तैयार हो जाएं। हमारे ट्रेलर को जबरदस्त रिएक्शन देने के लिए एक बार फिर थैंक्यू। फिल्म पठान में शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम के अलावा डिंपल कपाड़िया और आशुतोष राणा की भी अहम भूमिका है। यह फिल्म २५ जनवरी को हिंदी ,तमिल और तेलुगु में रिलीज होगी।

# पान सिंह तोमर के पटकथा लेखक संजय चौहान का निधन

मुंबई। पान सिंह तोमर और साहिब बीवी और गैंगस्टर जैसी फिल्मों के पटकथा लेखक संजय चौहान का निधन हो गया। उनके दोस्त और फिल्म निर्माता अविनाश दास ने



शुक्रवार को यह जानकारी दी। दास ने एक न्यूज एजेंसी को बताया कि लीवर सिरोसिस से पीड़ित ६१ वर्षीय पटकथा लेखक का बृहस्पतिवार रात मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया। दास ने बताया, "कल रात ११.३० बजे अस्पताल में उनका निधन हो गया । उन्हें पिछले महीने अस्पताल में भर्ती कराया गया था और लीवर सिरोसिस के कारण वेंटीलेटर पर थे। चौहान के परिवार में उनकी पत्नी और एक बेटी हैं। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को किया गया। चौहान ने १९९० के दशक में सोनी टीवी के क्राइम ड्रामा शो भंवर के साथ एक लेखक के रूप में अपना करियर शुरू किया था। वह पहले नई दिल्ली में एक पत्रकार थे। इसके बाद उन्होंने सुध ीर मिश्रा की हिट फिल्म हजारों ख्वाहिशें ऐसी के लिए संवाद लिखे, जो २००३ में रिलीज हुई थी। उन्होंने धूप से सलाम इंडिया राइट या रोंग और आई एम कलाम जैसी फिल्मों के लिए भी लेखन कार्य किया था।

# मलाइका ने की बॉयफ्रेंड अर्जुन कपूर की फिल्म 'कुत्ते' की तारीफ

मुंबई। अभिनेता अर्जुन कपूर की फिल्म कुत्ते आज सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। ऐसे में अर्जुन कपूर की गर्लफ्रेंड अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा ने फिल्म को लेकर अपने इंस्ट्राग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर की है। जिसमें उन्होंने फिल्म की जमकर तारीफ की है। इस दौरान मलाइका ने फिल्म कुत्ते का पोस्टर शेयर करते हुए, कैप्शन में लिखा कि 'क्या शानदार फिल्म है' "आप सब इसे नजदीकी सिनेमाघरों में देखने जरूर जाएं", जिसके बाद अर्जुन कपूर ने भी मलाइका की पोस्ट पर कमेंट किया और लिखा कि "मेरी सबसे बड़ी चीयरलीडर"। आपको बता दें कि अर्जुन कपूर की फिल्म कुत्ते एक संस्पेस थ्रिलर मूवी है। इस फिल्म में अर्जुन कपूर पुलिस अफिसर के



किरदार में हैं। इसके अलावा नसीरुद्दीन शाह, कोंकणा सेन शर्मा, तब्बू, कुमुद मिश्रा, राधिका मदान और शर्दुल भारद्वाज भी नजर आएंगे। साथ ही फिल्म का निर्माण लव फिल्म्स और विशाल भारद्वाज फिल्म्स के बैनर तले लव रंजन, विशाल भारद्वाज, अंकुर गर्ग और रेखा भारद्वाज ने किया है। वहीं, इसे गुलशन कुमार और भूषण कुमार की टी–सीरीज द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।

# कौन हैं मिस यूनिवर्स २०२३ दिविता राय?

न्यूयॉर्क। अमेरिका में आयोजित हो रही ७१वीं मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व कर्नाटक की २५–वर्षीय मॉडल दिविता राय कर रही हैं। वह पिछले साल मिस डीवा यूनिवर्स २०२२ चुनी गई थीं। बेंगलुरु के पब्लिक स्कूल से पढ़ाई करने वालीं दिविता ने मुंबई के एक कॉलेज से आर्किटेक्चर की पढ़ाई की है और वह कई एनजीओ से जुड़ी रही हैं। दिविता का जन्म १० जनवरी, १९९८ को मैंगलोर में हुआ था. हालांकि अब वह मुंबई में रहती हैं। उन्होंने कर्नाटक के राजाजीनगर में स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी और फिर मुंबई आ गईं। इसके बाद मुंबई के सर जेजे कलेज अफ आर्किटेक्चर से बैचलर डिग्री प्राप्त की. दिविता पेशे से एक मॉडल



होने के साथ–साथ एक आर्किटेक्ट भी हैं। दिविता को बैडमिंटन और बास्केटबॉल खेलना बेहद पसंद है। उन्हें पेंटिंग और संगीत का भी शौक है। दिविता के पिता इंडियन आूयल में काम करते हैं। उनके जीवन का आदर्श वाक्य– बदलाव से मत डरना, जिंदगी को गले लगाना और हर एक लम्हे को खुलकर जीना है।


स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
आर.एन.आई
UPHIN/2010/32566



सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178
Email-
adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com



सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक